



Carpenter's monthly newspaper

# कारपेंटर्स न्यूज़

www.carpentersnews.com

मासिक समाचार पत्र

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मुंबई | मई 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 06 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


कारपेंटर की बेटी ने देश में रचा नया कीर्तिमान... पेज - 2



# कारपेंटर की बेटी ने देश में रचा नया कीर्तिमान
## 12वीं में सभी विषयों में 100 में 100 अंक






**मुंबई।** तमिलनाडु में कारपेंटर की बेटी ने 12वीं में सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर बनकर रिकार्ड बना दिया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि डिंडीगुल जिले की एस नंदिनी ने यह उपलब्धि हासिल की है। अधिकारियों ने बताया कि नंदिनी के पिताजी कारपेंटरी का काम करते हैं। सरकारी परीक्षा निदेशालय ने 8 मई को परीक्षा परिणाम घोषित किया था। जिले के सरकारी संस्थान में पढ़ रही छात्रा नंदिनी ने तमिल, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, अकाउंटेंसी और कंप्यूटर एप्लीकेशन में कुल 600 अंक हासिल किया।

नंदिनी का कहना है कि वह ऑडिटर (लेखा परीक्षक) बनना चाहती है। तमिलनाडु में 12वीं की परीक्षा देने वाले आठ लाख से अधिक छात्रों में 94.03 फीसदी उत्तीर्ण हुए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.38 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.45 रहा। मार्च-अप्रैल में आयोजित परीक्षा के लिए कुल 8,03,385 छात्रों ने परीक्षा दी थी।

# अमेरिकियों को भाया इंडियन खटिया

**मुंबई। भारतीय घरों से धीरे-धीरे चारपाई यानि खटिया गायब हो रही है लेकिन अमेरिका के लोग अब इसे पसंद कर रहे हैं। मीडिया खबरों के मुताबिक अमेरिका में चारपाई भरकम कीमत में बिक रही है। इतनी कीमत जो आप शायद सोच भी नहीं सकते।**



ई कॉमर्स वेबसाईट Etsy पर देसी चारपाई बिक रही है, जिसकी कीमत एक लाख रुपए या उससे भी ऊपर बताई जा रही है। अगर सूत से बुनी चारपाई लेते हैं तो 1 लाख 12 हजार 75 रुपए अदा करने होंगे। ये सिर्फ बिक्री के लिए तय की गई रकम नहीं है। इसकी अमेरिका में जबरदस्त डिमांड भी नजर आती है। इसका अंदाजा ई कॉमर्स वेबसाइट को देखकर ही लगाया जा सकता है। प्राइज के ऊपर ये भी लिखा दिखेगा कि सिर्फ चार चारपाई बची है और एक बास्केट में है। कंपनी ने इसके आगे लो इन स्टॉक भी लिखा है। प्रोडक्ट के डिस्क्रप्शन में इसे मॉडर्न हाउस के लिए रॉयल डेकोर भी बताया गया है।

# सावंतवाड़ी के खिलौना शिल्पकारों के सामने अस्तित्व का संकट

**मुंबई।** चीन के कम कीमत वाले खिलौने अब सावंतवाड़ी के खिलौना शिल्पकारों के रोजगार के सामने गंभीर चुनौती दे रहे हैं।



सावंतवाडी इलाके में रहने वाले अनेक लोगों का पैतृक व्यवसाय लकड़ी के खिलौने बनाना है, लेकिन अब इन शिल्पकारों का कहना है कि बाजार में कम कीमत वाले चीनी उत्पादों के आने से इनकी कला के अस्तित्व पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2020 को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में सावंतवाडी खिलौनों का जिक्र किया था और इसके बाद सावंतवाड़ी के इस उद्योग ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। लोगों की बदलती रुचियों से परेशानी का सामना कर रहे खिलौना शिल्पकारों का कहना है कि करीब एक दशक पहले तक वे एक दिन में 25-50 खिलौने तक बेच लेते थे, लेकिन यह संख्या अब घट कर दस के आसपास हो गई है।

शिल्पकार चितारी समुदाय के लोग हैं, इनको तत्कालीन राजा ने खासतौर पर कर्नाटक से सावंतवाडी बुलाया था। कर्नाटक में और दक्षिण गोवा जिले के कंकोलिम गांव में चितारी परिवार मिल जाएंगे। इन शिल्पकारों का कहना है कि मजबूत खिलौनों का यह उद्योग कम कीमत वाले चीन निर्मित उत्पादों, मजदूरी में बढ़ोतरी तथा कच्चे माल की बढ़ती कीमत आदि से संकटों से जूझ रहा है। शिल्पकारों का कहना है कि पहले कच्चे माल की कीमत कम थी इसलिए खिलौनों की कीमतें भी कम रहती थीं, लेकिन अब लकड़ी की कीमत बढ़ गई है इसलिए खिलौनों की कीमत अधिक है और इनकी बिक्री कम हो गई है।

# ठोस कांच का उत्पादन करने वाली इकाइयों पर छापेमारी

**मुंबई।** आर्किटेक्चरल और बिल्डिंग बनाने के लिए उपयोग किये जाने वाले ठोस कांच का भारतीय मानक ब्यूरो के प्रमाणीकरण के बिना धड़ल्ले से उत्पादन और बिक्री किया जा रहा है।

मामले को लेकर बीआईएस ऐसी कंपनियों पर छापे मार रही है जो बीआईएस प्रमाणन के बिना ठोस कांच के उत्पादन और बिक्री में लिप्त है। बीआईएस मुंबई शाखा II के उप निदेशक टी. अर्जुन और सहायक निदेशक विवेक वर्धन रेड्डी की टीम को सेफ्टी ग्लास क्वालिटी कंट्रोल आर्डर 2022 के उल्लंघन के संबंध में शिकायत मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए टीम ने नवी मुंबई के रबाले इलाके में स्थित एक ग्लास इंडस्ट्रीज पर छापा मारा। इस दौरान यह पाया गया कि कंपनी ने बीआईएस प्रमाणन के बिना आर्किटेक्चरल, बिल्डिंग और अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ठोस कांच के निर्माण कांच के निर्माण और बिक्री में शामिल थी। बीआईएस के सहायक निदेशक विवेक वर्धन रेड्डी ने बताया कि छापे के दौरान लगभग 360 वर्ग मीटर सामग्री पाई गई, जो इंगित करती है कि फर्म बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना ठोस कांच के निर्माण कांच के निर्माण और बिक्री में शामिल थी, जो बीआईएस अधिनियम 2016 के खंड 17 (1) का उल्लंघन है।

## कंपनी की छत से गिरा मजदूर

**मुंबई।** तलोजा एमआईडीसी स्थित एक कंपनी की छत पर सोलर पैनल की फिटिंग करते समय नीचे गिरने से शुभम देडे नामक मजदूर की मौत हो गई। इस मामले में तलोजा पुलिस स्टेशन में संबंधित ठेकेदार व कंपनी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## सिर पर फरसी गिरने से मजदूर की मौत

**मुंबई।** कलंबोली स्थित मार्बल मार्केट में काम करने के दौरान सिर पर फरसी गिरने से परशुराम पासवान नामक मजदूर की मौत हो गई। कलंबोली पुलिस स्टेशन में इस घटना को दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल हुए परशुराम को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्लाईवुड के गोदाम में लगी आग

**मुंबई।** पनवेल के इंडिया बुल्स के पास प्लाईवुड के गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। पनवेल अग्निशमन विभाग के अधिकारी वैभव खड़ांगले ने बताया कि सुबह के समय आग लगने की सूचना मिलने पर न्यू पनवेल अग्निशमन दल की दो गाड़ियां ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन गोदाम में लकड़ी का सामान होने के कारण आग भयंकर रूप ले लिया। आग को कंट्रोल करने में दमकल की पांच गाड़ियां को करीब तीन घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# भारत में नेपाल के रास्ते चीन से आ रही सस्ती लकड़ी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने कहा कि नेपाल के रास्ते चीन से आ रही सस्ती लकड़ी व बोर्ड के कारण यमुनानगर के प्लाईवुड उद्योग पर संकट खड़ा होने लगा है।

शैलजा ने कहा कि यमुनानगर का प्लाईवुड उद्योग उत्तर भारत में एक अलग स्थान रखता था लेकिन नेपाल के रास्ते चीन से आ रही सस्ती लकड़ी व बोर्ड के कारण अभी तक करीब 127 प्लाईवुड फैक्टरी उत्पादन को बंद कर चुकी है। यमुनानगर के प्लाईवुड उद्योग को बचाने के लिए बड़े राहत पैकेज की जरूरत है, लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह प्लाईवुड उद्योग को जिंदा रखने के लिए केंद्र सरकार से बात करे और राहत पैकेज का ऐलान कराए, ताकि लाखों लोगों के रोजगार को बचाया जा सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटते कारोबार का अंदाजा सिर्फ इस बात से ही लगाया जा सकता है कि मार्केट फीस के



रूप में मिलने वाली राशि घटकर 4 करोड़ रह गई है, जबकि पहले यह 12 करोड़ तक मिलती थी। यहां पर करीब 400 प्लाईवुड फैक्ट्रियां हैं, जिनमें से कितनी ही बंद हो चुकी हैं और जो चल रही हैं, वे कम क्षमता पर ही चल रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले यमुनानगर की प्लाईवुड फैक्ट्रियों को यूपी से लकड़ी मिल जाती थी, लेकिन अब यूपी सरकार ने प्लाईवुड फैक्ट्रियों के लिए लाइसेंस खोल दिए हैं। इससे हरियाणा में लकड़ी आनी कम हो गई है। यूपी व बिहार में लकड़ी पर अभी तक मार्केट फीस नहीं है, इससे वहां की इंडस्ट्री को लकड़ी सस्ती मिलती है।

कुमारी शैलजा ने कहा कि 127 के आसपास फैक्ट्री बंद होने से रोजगार का संकट भी खड़ा हुआ है। करीब 50 हजार श्रमिक इससे सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। जबकि कई हजार लोगों का रोजगार अप्रत्यक्ष रूप से छिन गया है। इसलिए प्लाईवुड इंडस्ट्री को उबारने की सख्त जरूरत है और सरकारी सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो सकता। अगर घाटे से बेहाल प्लाईवुड इंडस्ट्री यमुनानगर से पूरी तरह शिफ्ट हो गई तो इस जिले के लोगों के लिए यह बड़ी आर्थिक चोट साबित होगी। एकदम से कई लाख लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है।

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

**संपर्क करें :** Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com

**हमें फॉलो करें :** Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | मई 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 06 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


## 17 को महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 17 जून को नई दिल्ली के संसद सदस्य क्लब, नॉर्थ एवेन्यू में आयोजित की गई है। सुबह 10 बजे से आयोजित इस बैठक में विश्वकर्मा समाज के सभी सांगठनिक संगठनों व सभी राज्यों के विश्वकर्मा समाज के राष्ट्रीय व प्रादेशिक स्तर पर ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।




# हेरिटेज फर्नीचर की नीलामी में जांच शुरू



**चंडीगढ़।** शिकागो में 30 मार्च को हेरिटेज फर्नीचर हाईकोर्ट की कुर्सियां, एमएलए फ्लैट्स के बेंच, कुर्सी और मेज, पीयू की आठ कुर्सियों का सेट, एमएलए फ्लैट्स के नाइट स्टैंड्स, टेबल और स्टूल, पीयू के बॉक्स स्टूल, पीयू के तीन स्टूल का एक सेट, डेस्क और कुर्सियों की नीलामी की जांच शुरू हो गई है।


चंडीगढ़ हेरिटेज आइटम प्रोटेक्शन सेल के सदस्य अजय जग्गा ने शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास से इसकी शिकायत की थी। पिछले माह अजय जग्गा से नीलामी से संबंधित जानकारियां मांगी गई थीं, जिन्हें भेजने के बाद अब मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जग्गा ने कहा है कि वह अमेरिका में इस मामले को मजबूत करने के लिए आने वाली नीलामी के विवरण भी भेजेंगे। ऐसी नीलामी पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और भारतीय धरोहरों को वापस लौटाया जाना चाहिए। चंडीगढ़ के हेरिटेज आइटम्स को भारत से बाहर ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

# केजरीवाल ने सीएम हाउस के लिए चुना था फर्नीचर

**नई दिल्ली।** जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक नया पत्र लिखा है। सुकेश चंद्रशेखर ने इस पत्र में दावा किया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर में महंगे फर्नीचर के लिए उसने ही पैसे दिए थे। महाठग का ये पत्र ऐसे समय में सामने आया है जब एलजी वीके सक्सेना की ओर से दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज इकट्ठा कर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में रिनोवेशन के लिए करीब 45 करोड़ रुपयों खर्च होने की रिपोर्टों ने हंगामा मचा रखा है।

# गाय के गोबर से होगा पेंट का निर्माण

**वाराणसी।** सेवापुरी के भिटकुरी गांव में गाय के गोबर से पेंट बनाने की योजना जल्द ही शुरू होगी। करीब 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इकाई के लिए 17 लाख की मशीनों को लगाने का काम शुरू हो गया है। अभी महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कुछ राज्यों में गोबर से पेंट बनाने का काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में गोबर से पेंट बनाने वाली पहली इकाई लगाई जा रही है। एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक विक्रम सिंह ने बताया कि यहां बनने वाले पेंट का नाम काशी प्रेरणा पेंट होगा। 20 फीसदी गोबर और 80 फीसदी केमिकल से एक दिन में 500 लीटर पेंट तैयार होगा। इससे युवाओं को रोजगार और पशुपालकों को गोबर बेचने का एक विकल्प मिलेगा। पेंट की मांग बढ़ने पर जिले में और इकाई लगाई जाएगी।




# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन : असंगठित क्षेत्र के कामगारों का भविष्य सुरक्षित

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जन-जन की सुरक्षा के लिए योजनाओं और नीतियों का सुरक्षा चक्र बनाया है ताकि सबके लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सबके पास सुरक्षा के साधन हो और उद्यमिता के वातावरण के साथ-साथ अवसर भी उपलब्ध हों। इसमें सामाजिक सरोकार की योजनाएं क्रांति बनकर आई और सभी के लिए सुरक्षा का वातावरण तैयार हुआ। केंद्र सरकार असंगठित क्षेत्र के कामगारों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्योंकि करोड़ों श्रमिकों और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा में ही देश का मजबूत भविष्य छिपा है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में आर्थिक तंगी से बचाने और उन्हें पेंशन देने के लिए प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना शुरू की। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की शुरुआत 5 मार्च 2019 को हुई। इस योजना में 2 दिसंबर 2022 तक 49,12,087 लोगों ने पंजीकरण कराया। इस योजना के तहत 15,000 से कम मासिक आय वाले कामगार छोटी सी राशि के मासिक अंशदान से 60 वर्ष की उम्र से 3,000 रुपये की मासिक पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। यह योजना असंगठित क्षेत्र के कामगारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में न सिर्फ वरदान साबित हो रही है बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। 38 करोड़ लोगों के लिए 26 अगस्त 2021 को ई-श्रमिक पोर्टल शुरुआत की गई ताकि असंगठित कामगारों का पंजीकरण किया जा सके।









| POINT SLABS | ATOOT BANDHAN GIFTS |
|---|---|
| 3000 | Automatic Washing Machine |
| 4000 | Double Door Fridge |
| 6500 | 1.5 Ton Split AC |
| 10000 | Honda Activa 6g |



Since 1986
**Suzu**®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

# FROM THE DESK OF CEO

**Suzu Steel (India)** is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.



## Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

**Vijay Kumar Dutta**
C.E.O.

~ Our Global Associates ~

DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on : Facebook Twitter Instagram Linkedin YouTube Google Play App Store

मुंबई। भवन निमार्ता सचिन विश्वकर्मा ने कहा है कि दिवा रेलवे स्टेशन के पास विश्वकमार्पुरम इमारत संकुल का निर्माण किया जाएगा। 21 मंजिल की कुल 14 इमारतों के परिसर को विश्वकमार्पुरम नाम दिया जायेगा।

# दिवा में बनेगा विश्वकमार्पुरम

दिवा में विश्वकर्मा समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में सचिन विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकमार्पुरम में विश्वकर्मा समाज के लोगों के लिए भगवान विश्वकर्मा जी का मंदिर का भी निर्माण कराया जायेगा। विश्वकमार्पुरम की भूमिपूजन दीपावली पर्व पर किया जायेगा। विश्वकमार्पुरम निर्माण के लिए रेरा के साथ अन्य तकनीकी विषयों पर कार्य किया जा रहा है। इस बैठक में नन्हे लाल विश्वकर्मा, बाबुलनाथ विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, रमाशंकर विश्वकर्मा,



महेंद्र विश्वकर्मा, विजय प्रताप विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा, रामलौटन विश्वकर्मा, पत्रकार गंगाराम विश्वकर्मा, पत्रकार गणेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली में बनेगा विश्वकर्मा सेवा सदन

**नई दिल्ली।** विश्वकर्मा वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नंगली इब्राहिमपुर रोड स्थित गांव कादीपुर में प्रस्तावित विश्वकर्मा सेवा सदन का शिलान्यास राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने किया। इस अवसर पर जांगड़ा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज निमार्ता है, इंजीनियरिंग इनके खून में है। पांच हजार वर्गफीट में बनने वाले विश्वकर्मा सेवा सदन के निर्माण के लिए उन्होंने 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व कुलपति डॉ. प्रेमचंद पतंजलि ने ट्रस्ट के उद्देश्यों पर



विस्तार से प्रकाश डाला। ट्रस्ट के महासचिव यशपाल सिंह पांचाल ने लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की।

# बलवंत कटारिया बी.पी. मंडल पुरस्कार से सम्मानित



**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लॉट जम्मू के वाइस चेयरमैन, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत कटारिया को बी.पी. मंडल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आंबेडकर चौक बहू प्लाजा में आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में बी.पी. मंडल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कटारिया को यह पुरस्कार विश्वकर्मा समुदाय के जरूरतमंद छात्रों की सहायता और उनमें अंबेडकरवाद, वैज्ञानिक सोच, सामुदायिक जागरूकता और चेतना के प्रसार के लिए उनके अथक और निरंतर प्रयासों को मान्यता देते हुए दिया गया। ज्ञातव्य हो श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी टीम वार्षिक सामुदायिक पत्रिका प्रकाशित करती है और निःशुल्क नोटबुक वितरित करती है।

कटारिया के नेतृत्व में श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी की टीम जम्मू कश्मीर के दूरस्थ कोनों का दौरा करती है। विज्ञान प्रश्नोत्तरी, छात्रों या कमजोर परिवारों को वित्तीय सहायता, भगवान विश्वकर्मा कैलेंडर वितरण के साथ ओबीसी जागरूकता कार्यक्रमों का समर्थन करती है। बलवंत कटारिया ने कहा कि मंडल आयोग के अध्यक्ष रहे बी.पी. मंडल ओबीसी लोगों के मसीहा हैं। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण उन्हीं के मेहनत का नतीजा है।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का विवरण पत्रिका जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दुधोला का विवरण पत्रिका जारी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को कुशल बनाने के लिए शुरू किए गए सभी कोर्स बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने नवीनतम तकनीक से जुड़े रोजगारपरक कोर्स शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इंडस्ट्री की मांग पर आधारित कार्यक्रम चलाए जाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने देश के पहले इनोवेटिव स्किल स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा और देश के युवाओं को कुशल बनाने की दिशा में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस बार कोर्सों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को कौशल के साथ जोड़ने के उद्देश्य से दसवीं के बाद भी डिप्लोमा और डी. वॉक कोर्स शुरू किए गए हैं।

# ज्ञानी जैल सिंह और जस्सा सिंह रामगढ़िया का जन्मदिन मनाया गया

**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर न्यू प्लॉट जम्मू की ओर से 5 मई को देश के 7 वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया का जन्मदिन मनाया गया। वक्ताओं ने दोनों शख्सियतों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला और मिठाइयां बांटी। लाइब्रेरी के संयोजक रमेश अंगोत्रा ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा परिवार से थे, जिन पर हम सबको गर्व है। ज्ञानी जैल सिंह का जन्म 5 मई 1916 को फरीदकोट के कपूरा के पास एक गांव में हुआ था। उनके पिता गांव के बढ़ई थे। वह एक धर्मनिष्ठ सिख थे और अपने सरल और ईमानदार तरीके के लिए ग्रामीण इलाकों में जाने जाते थे।

शिक्षाविद बलवंत कटारिया ने कहा कि 1949 में जब गैरदलीय सरकार बनी तो ज्ञानी जैल सिंह राजस्व मंत्री बने। 1951 में चुनाव के बाद 23 मई 1951 को बनी कांग्रेस सरकार में वे कृषि मंत्री बने।1972 में आम चुनाव में वह पंजाब के मुख्यमंत्री बने।1980 के आम चुनावों में ज्ञानी जैल सिंह को लोकसभा के सांसद के रूप में चुना गया, कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष इंदिरा गांधी ने उन्हें गृह मामलों का मंत्री बनाया। 1982 में ज्ञानी जैल सिंह को कांग्रेस पार्टी ने सर्वसम्मति से राष्ट्रपति पद के लिए चुना। 25




दिसंबर 1994 को उनका निधन हो गया।

सदस्यों ने राजा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जन्मदिन की बधाई भी दी। राज चलोत्रा ने बताया कि सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया (1723-1803) सिख संघ की अवधि के दौरान एक प्रमुख सिख नेता थे। वह 1716 से 1801 तक रामगढ़िया मसल (या कनफेडरेसी) के कमांडर थे। उनका जन्म अमृतसर के पास हुआ था। आरके शलोत्रा ने महान योद्धा जस्सा सिंह के बारे में चौंकाने वाले तथ्य बताए। कम ही लोग जानते हैं कि सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया ने 2200 युवा हिंदू महिलाओं को अफगानों से मुक्त कराया, जिन्हें काबुल, बगदाद और बसरा के हरेम और बाजारों में ले जाया जा रहा था। जस्सा सिंह रामगढ़िया ने नादिर शाह और शाह आलम अब्दाली को हराया था। जस्सा सिंह रामगढ़िया ने अमृतसर, गुरदासपुर और बटाला के रियार्की क्षेत्र में और उसके

**वंदना सागर की अध्यक्षता में श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लॉट जम्मू के मुख्य हाल में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह तथा योद्धा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जन्म दिवस पर करीब 120 माहिलों को सेहत संबधी जानकारी देने के साथ महिलाओं को सैनिटरी पैड्स भी वितरित किया गया। वंदना सागर ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद है कि महिलाएं अंधविश्वास और रुढ़िवादी परंपराओं को छोड़ वैज्ञानिक तरीके से जीना सीखें। इस सराहनीय कार्य में उनका सहयोग सुषमा देवी, मीनाक्षी धीमान व अंजना अंगोत्रा ने किया।**

आसपास रामगढ़िया के अपने मिसल की स्थापना की। उन्होंने अमृतसर में राम रौनी के किले की किलेबंदी और निर्माण भी किया। उन्होंने जालंधर क्षेत्र और कांगड़ा पहाड़ी क्षेत्रों को भी अपनी संपत्ति में जोड़ा। उनकी राजधानी श्री हरगोबिंदपुर में थी।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख लोगों में मोहिंदर लाल, ऋतिक मालगोत्रा, नीतीश वर्मा, अशोक सलगोत्रा, रतन लाल, अंजना अंगोत्रा, मीनाक्षी धीमान, डॉ. मधु बर्मा, दिव्यांश धीमान, कुणाल अंगोत्रा, विशाल अंगोत्रा, तारिका महाजन, भूषण विर्धी, ओम कटारिया, रमन आदि शामिल रहे।




श्री अनिल भारद्वाज
प्रेसिडेंट लिंक लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड

# इनोवेशन, उत्तम गुणवत्ता और किफायती दामों के साथ लिंक अब अपने नए अवतार में है

**लिंक लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड भारतीय बाजार में लॉक्स ऐंड हार्डवेयर क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है। इसके प्रेसिडेंट श्री अनिल भारद्वाज से तालों का दूसरा नाम बन चुकी इस कंपनी के बनने से लेकर अब तक की यात्रा, उसकी सबसे बड़ी ताकत, आगे की चुनौतियों और उनसे निपटने की रणनीतियों को लेकर हुई खास बातचीत...**

**Q1 'ताला मतलब लिंक' आपकी कंपनी इस तरह की ब्रांडिंग तक कैसे पहुंची?**

इसका पूरा श्रेय कंपनी के फाउंडर श्रीमान ज़फ़र आलम जी को जाता है। वे मैकेनिकल इंजीनियर हैं। अलीगढ़ में 1970 में जब लिंक की स्थापना हुई तब पश्चिम भारत की एक कंपनी का तालों के बाजार में दबदबा था और उनकी कीमत भी बहुत ज्यादा हुआ करती थी। श्री आलम जी के लिए यह एक रेफरेंस प्वाइंट था इसलिए जब Unhone ने अपना प्लांट (लिंक) शुरू किया तो उन्होंने दो बातों का ध्यान रखा - बेहतर क्वालिटी और तालों का बजट फ्रेंडली दाम। लिंक ने भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से ताले बनाए, जैसे डबल लॉकिंग टेक्नॉलजी की शुरुआत की।

साथ ही हम की-मैकेनिज्म में काफी इनोवेटिव हैं। की-मैकेनिज्म को यूं समझिए कि हर ताले के कॉम्बिनेशन होते हैं, किसी के 200 होंगे, किसी के 400, लेकिन लिंक के तालों में 50 लाख, एक करोड़, दो करोड़ तक कॉम्बिनेशन होते हैं। लिंक इतने कॉम्बिनेशन के साथ ताला बनाने वाली अकेली कंपनी है। वहीं कम्प्यूटराइज्ड-की हम 20 साल पहले से बना रहे हैं। फिर हमने तालों की ऐसी कीमतें रखीं कि भारत में हर तबके का व्यक्ति उन्हें खरीद सके। कुल मिलाकर एडवांस और विजनरी एप्रोच के कारण लिंक इस मुकाम पर पहुंची। आज हम भारतीय लॉक्स ऐंड हार्डवेयर इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनियों में शामिल हैं।

**Q2 स्थापना से लेकर नए दौर तक, बतौर कंपनी लिंक में क्या बदलाव आया है?**

लिंक शुरुआत से ही बेहतर क्वालिटी और किफायती प्रोडक्ट बना रहा है, हालांकि तब हम अपनी इस क्षमता के लिहाज से एग्रेसिव नहीं थे, लेकिन जब श्रीमान मोहम्मद अली जी (श्री ज़फ़र आलम के बेटे) ने कंपनी ज्वाइन की तो यहां कई बड़े बदलाव आए, जैसे लिंक में और ज्यादा प्रोफेशनलिज्म आया। हमारी टीम से ऐसे प्रोफेशनल्स जुड़े जिन्हें इस सेक्टर का व्यापक अनुभव था। बड़े-बड़े सेलिब्रिटी लिंक के ब्रांड एंबेसडर बने, जैसे पहले संजय दत्त थे और अभी सलमान खान हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। इससे हमारा ब्रांड घर-घर में जाना-पहचाना नाम बन गया। अली जी की पहल पर ही बीते साल नवंबर में हमने दिल्ली में अपना कॉर्पोरेट ऑफिस खोला है। यहां से लिंक का नया अवतार शुरू होता है।

**Q3 आपकी कंपनी की कोर वैल्यू क्या हैं?**

लिंक की स्थापना एक ऐसे व्यक्ति ने की है जिसके लिए अपने आसपास के लोग और परिवार सबसे अहम हैं। श्री ज़फ़र आलम जी के लिए यह कंपनी सिर्फ कारोबार करने का जरिया नहीं है। इस ब्रांड के साथ उनका अपने परिवार की तरह ही एक इमोशनल कनेक्ट यानी भावनात्मक संबंध है। इसी के चलते कंपनी में काम करने वाले ऊपरी दर्जे से लेकर नीचे तक और बाहरी लोग जिनसे हम Business करते हैं, उनके साथ पारदर्शिता या कहें कि ईमानदारी को हम अहमियत देते हैं। लिंक समाज के सभी तबकों के लिए क्वालिटी प्रोडक्ट बनाना चाहती है और वह भी किफायती दाम पर।

**Q4 आप लिंक प्रोडक्ट्स (ताले, हिंज और दूसरी ऐसेसरीज) की कीमत कैसे तय करते हैं?**

हमारा 90 फीसदी प्रोडक्शन मेक इन इंडिया है। लिंक ने अपने प्रोडक्ट और प्रोडक्शन की टेक्नॉलजी खुद ही डेवलप की है। इससे हमें कोई अतिरिक्त लागत या खर्चा नहीं आता और हम किफायती दाम में क्वालिटी प्रोडक्ट दे पाते हैं।

**Q5 लॉक्स ऐंड हार्डवेयर सेक्टर में बतौर कंपनी लिंक कहां खड़ी है?**

हम सबसे ज्यादा पैड लॉक बनाते हैं। पैड लॉक के जो अलग-अलग वेरिएंट, साइज और एप्लीकेशन हैं, वो सिर्फ लिंक के कैटलॉग में मिलते हैं। बीते दिसंबर से हमने नए सिरे से कंपनी का विस्तार शुरू किया है। पिछले चार महीने में 200 से ज्यादा डिस्ट्रिब्यूटर नियुक्त किए हैं, इसका मतलब ये भी है कि वे अपना कारोबार आगे बढ़ाने के लिए हम पर पूरा भरोसा जता रहे हैं। साथ ही कई प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम कर चुके और व्यापक अनुभव रखने वाले करीब 190 प्रोफेशनल पिछले तीन महीनों के दौरान हमारी टीम में शामिल हुए हैं, यानी वे लिंक के साथ अपना उज्ज्वल भविष्य देख रहे हैं।

**Q6 लिंक के लिए क्या चुनौतियां रहीं और उनसे पार पाने के लिए आपने क्या किया?**

जैसी कि हम पहले चर्चा कर चुके हैं, सबसे पहले तो हमने अपनी टीम में और प्रोफेशनल्स को जोड़कर उसकी कैपेसिटी बढ़ाई। हम कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे भारत में लिंक प्रोडक्ट उपलब्ध करवाना चाहते हैं सो इसके लिए चार बिजनेस वर्टिकल स्थापित किए। सबसे पहले सुपर स्टॉकिस्ट का नेटवर्क बनाया, फिर डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क का विस्तार किया जिसकी पहुंच तीन लाख रिटेल काउंटर तक है। ग्राहकों तक सीधे पहुंचने के लिए हम ई-कॉमर्स का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने अपना ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी डेवलप किया है और ग्राहक हमारी वेबसाइट से भी लिंक प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। आज आप हमारे कोई भी प्रोडक्ट 10 मिनट में ऑनलाइन मंगवा सकते हैं। इसके अलावा बड़े-बड़े रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट पर फोकस करने के लिए लिंक में अलग से की-अकाउंट टीम हैं। इस तरह हम 360 डिग्री एप्रोच के साथ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी चुनौतियों से पार पा रहे हैं।




Link
Security Ensured
प्रीमियम और मजबूत
हार्डवेयर उत्पाद की अद्भुत रेंज।
कारपेंटर भाइयों का
लोकप्रिय ब्राण्ड
Link
मोर्टाइज हैण्डल
डोर क्लोज़र
पैड लॉक
रिम लॉक
फर्नीचर लॉक
www.Linklocks.com

# परमात्मा का नाम सभी रोगों की अचूक औषधि है

**गढ़ीनेगी। प्रेमावतार, युगदृष्टा श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि कुमति को त्याग कर सुमति के पथ का अनुसरण करें। जहां सुमति होती है वहां सुख संपत्ति आती है, जहां कुमति होती है वहां विपत्तियां मंडराने लगती हैं। जब मित्र शत्रु तथा शत्रु मित्रवत लगने लगे तो समझो कुमति उजागर हो रही है, जो हमारे विनाश का कारण बनेगी। सद्गुरु से प्राप्त प्रभु नाम जप कर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है। दृढ़ विश्वास पूर्वक परमात्मा का नाम जप भव रोगों की अचूक औषधि है।**



महाराज ने कहा कि अभय होने के लिए व्यवहारिक उपाय है, अपना काम ईमानदारी व सच्चाई से करो, फिर सांच को आंच नहीं। भय के हजारों रूप हैं। हजारों अवैध संताने हैं, भय की कहां तक गिनायें, बीमारी का भय, रोटी का भय, इज्जत का भय, दुर्घटनाओं का भय, शरीर को मृत्यु का भय, रूप को बुढ़ापे का भय, भोग को रोग का भय, धन को नष्ट होने का भय, चोर को सरकार का भय, शास्त्र में शास्त्रार्थ का भय, शेर को सवाशेर का भय, कुल के नष्ट होने का भय इत्यादि। अभय तो एकमात्र वैराग्य में ही है।

आकांक्षा, निराशा, ईर्ष्या जलन, नफरत, हताशा, हीनता, घमंड, दर्प अभिमान ये भी भय के ही रूप हैं। अच्छा हुआ जो सागर के किनारे खड़े जहाज में चेतना नहीं है। वह जड़ है अन्यथा वह सागर की लहरों के भय के कारण यात्रा पर आगे जा ही नहीं पाता। समुद्री जीवों के भय के कारण अंदर उतरने का भी साहस न जुटा पाता। कांपता हुआ भयभीत जहाज सागर तट पर ही डूब जाता। उन्होंने कहा भय से तभी तक डरना चाहिए जब तक वह ना आये तथा भय आये तो उससे भय कैसा, उस समय भय का तो डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनको सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है।

सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती, जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं, जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा।

# पूर्ण रूप में प्रकट हुए बाबा बर्फानी



**जम्मू।** पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी मां पार्वती और पुत्र गणेश के साथ प्राकृतिक रूप से प्रकट हुए हैं। सोशल मीडिया पर शिवलिंग की कुछ तस्वीरें वायरल हुई हैं। कुछ भक्तों का कहना है कि वह अमरनाथ यात्रा से पूर्व ही दर्शन कर लौटे हैं। औपचारिक तौर पर अमरनाथ यात्रा के शुरू होने में करीब 2 महीने का समय बाकी है, लेकिन कुछ भक्त पहले ही पवित्र गुफा तक जाने में कामयाब हो चुके हैं और यह फोटो उन्होंने ही गुफा के पास लिए हैं। हालांकि इसकी कोई भी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। दावा किया जा रहा है कि पवित्र गुफा में करीब 10- 15 फीट ऊंचे आकार का शिवलिंग है।

# केरल के राज्यपाल ने कहा - सनातन भारत की आत्मा

**मुंबई।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि सनातन भारत की आत्मा है। शंकराचार्य के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक चेतना के कारण ही भाषा, खान-पान, रहन - सहन की विविधता के बावजूद आध्यात्मिक व सांस्कृतिक तौर पर भारत एक है। अंधेरी (पश्चिम) स्थित चार बंगला, मॉडल टाउन के मुक्ति ऑडिटोरियम में वाग्धारा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि बुद्धिमता मानव की साझी विरासत है। हम जब किसी का सम्मान करते है तो यह केवल उस व्यक्ति का सम्मान नहीं है बल्कि उसके कार्य के उपासना का सम्मान है। ललित कला, शिल्पकला, साहित्य, नाटक सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि भारतीय चिंतन में यह वह चीज है जो साधक को परमात्मा के समीप ले जाता है। आपका सम्मान युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत होना चाहिए। विनम्रता में झुककर युवकों को ऊपर उठाइये। इस अवसर पर शर्मिला ठाकरे, वाग्धारा के अध्यक्ष डॉ.वागीश सारस्वत ने अपने विचार रखे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यभानु गुप्त को जीवन गौरव, जनसेवक गोपीकृष्ण बूबना को समाज भूषण सम्मान प्रदान किया गया। समाजसेवी नूतन गुलगुले, शिक्षाविद संध्या पांडेय, लोकगायक विनोद दुबे, चित्रकार सुहास बहुलकर, रंगकर्मी सुरेश भारद्वाज, फिल्म निर्देशक यशपाल शर्मा, टीवी कलाकार राजेंद्र गुप्ता, पत्रकार प्रकाश हिंदुस्तानी को नवरत्न सम्मान प्रदान किया गया। फिल्म अभिनेत्री कंचन अवस्थी, लेखिका वंदना वर्मा, टैरो कार्ड रीडर आरती राजदान, रंगकर्मी मुस्कान गोस्वामी को स्वयं सिद्धा सम्मान प्रदान किया गया। गीतकार सुरेश तिवारी यश, गायिका आस्था लोहार, चित्रकार नितीश भट्टाचार्जी, नर्तक सौरव गौरव मिश्रा को यंग अचीवर्स अवॉर्ड प्रदान किया गया।

## ओशो वाणी

# सद्कर्म का विचार सदैव अच्छे होते हैं



मुंबई में एक वृद्ध महिला को संन्यास लेना था। मरने के एक दिन पहले वह मुझसे मिलकर गई और उसने कहा कि अगले जन्म दिन पर मैं ले लूं, तो हर्ज तो नहीं। मैंने कहा, मुझे कोई हर्ज नहीं, पर मेरा क्या पक्का कि मैं बचूंगा। उसने कहा कि नहीं-नहीं, ऐसी बात आप क्यों करते हैं। आप तो जरूर बचेंगे। मैंने कहा, समझ लो कि मैं बच भी गया, लेकिन तुम बचोगी, इसका कोई पक्का ? उसने कहा, अभी हुआ ही क्या है। अभी तो मेरी 70 वर्ष की ही उम्र है। 70 की तो मेरी उम्र ही है, उसने कहा। अभी तो मैं सब तरह से स्वस्थ हूं। मैंने कहा, मान लो यह भी हुआ कि तुम भी बच गईं, मैं भी बच गया, लेकिन तुम संन्यास लोगी ही साल भर बाद, तुम्हारा मन संन्यास लेने का रहेगा, इसका कुछ पक्का। उसने कहा, क्यों नहीं रहेगा। मैंने कहा, मान लो तुम्हारा भी रहा, मेरा देने का न रहा, तो तुम क्या करोगी। उसने कहा, आप भी कहां की बातें करते हैं। अगले जन्मदिन का पक्का रहा। मैंने कहा, अगर अगला जन्मदिन पक्का है, तो ठीक।

लेकिन दूसरे दिन सुबह ही मेरी सभा में ही आते हुए, सभा भवन के सामने ही कार से टकराकर बेहोश हो गई। आठ दस घंटे बाद होश में आई, तो मैं उसे देखने अस्पताल गया। मैंने कहा, होश में आ गई, तो अच्छा हुआ। क्या ख्याल है संन्यास के बारे में। उसने कहा, मुझे ठीक तो हो जाने दो। आप भी कैसे आदमी हो। यह भी नहीं पूछा कि चोट कहां लगी। एकदम पूछते हैं, संन्यास। मैंने कहा, क्या पता, जब तक मैं पूछूं, तुम चली जाओ। क्योंकि कल तो कोई पक्का न था इस एक्सीडेंट का। यह हो गया ना आज। जन्मदिन अब उतना पक्का है, जितना कल था। उसने कहा, संदिग्ध मालूम होता है। फिर मैंने कहा, कितनी देर करनी है ? उसने कहा कि कम से कम चौबीस घंटे। मैं जरा ठीक हो जाऊं, तो फिर आपसे कहूं। मैंने कहा, जैसी तेरी मर्जी। पर मैंने कहा कि एक काम करना, चौबीस घंटे सोचती रहना कि संन्यास लेना है, संन्यास लेना है।

वह तो मर गई 6 घंटे बाद। चौबीस घंटे पूरे नहीं हुए। उसकी बहू मेरे पास दौड़ी आई कि अब क्या होगा। वह तो मर गई। तो मैंने कहा कि मैं उसे मरी हुई हालत में संन्यास देता हूं। उसने कहा, यह कैसा संन्यास है? मैंने कहा कि उसके मन में अगर जरा भी भाव रह गया होगा, जरा भी भाव मरते क्षण में कि संन्यास लेना है, संन्यास लेना है तो भाव ही तो सब कुछ है। तो बीज तो निर्मित हो गया। उसकी आगे की यात्रा पर उसके फल कभी भी आ सकते हैं। कृष्ण कहते हैं, सत्कर्म की, शुभ कर्म की दिशा में किया गया विचार, शुभ कर्म की दिशा में उठाया गया एक कदम भी, शुभ कर्म की दिशा, चाहे पूरी हो पाए या न हो पाए तो भी कभी दुर्गति, कभी बुरी गति नहीं होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढ़ा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO
7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE





ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

| ड्रम पैक | ऑफर |
| --- | --- |
| यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos | 15 Rs. टोकन / पाउच अथवा कटर मशीन अथवा ड्रील मशीन |

**15 Rs/-**
**टोकन / पाउच**

अथवा




अथवा




JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED
www.euro7000.com


हरीसन
सुविधा
स्कीम
HARRISON
कारपेंटर
भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
Website: www.harrisonlocks.com | Find us on :
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
और रहो हमेशा आनंद में
मैं Mr. आनंद
हरीसन (Service Provider)
जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन Suvidha के साथ और
Locks & Hardware Solutions
पाओ अनेको उपहार
उपहार जितने की प्रक्रिया
स्टेप 1 हरीसन सुविधा एप्प डाउनलोड करें और लॉग इन करें
स्टेप 2 प्रोडक्ट पर लगे MPR स्टीकर को जमा करें हर एक MPR पर पॉइंट पाएं
स्टेप 3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, उपहार जीते
चेयरमैन क्लब कारपेंटर
SMART LED TV WINNER
REFRIGERATOR WINNER
SMART PHONE WINNER
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
+91 9355015108
हरीसन सुविधा एप्प डाऊनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)
Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9355-015-108
R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com
Call 09310142401 for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires
स्कैन करें
लाभ उठाएं।

# हरीसन

www.harrisonlocks.com

# हरीसन कर रहा है लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन एवम प्रशिक्षण



कारपेंटर एप्लिकेशन हमारे द्वारा नए आवेदकों के पंजीकरण के लिए शुरू किया गया है - कारपेंटर और उनकी हर गतिविधि की रिकॉर्डिंग फल देने वाली है। कारपेंटर की हमारी टीम कई गुना बढ़ गई है। बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड में रखी जाती हैं।

कारपेंटर के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन उपलब्ध हैं,





जिन्हें एप्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित और वितरित किया जाता है। प्रत्येक बैठक के दौरान सर्वोत्तम योगदानकर्ताओं को कुछ प्रकार के प्रोत्साहन वितरित किए जाते हैं, जो योजना के अनुसार नकद से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर आदि और कई अन्य हैं। कारपेंटर का प्रचार/ विज्ञापन कारपेंटर के मासिक समाचार पत्र में मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है, जो हर महीने की 10 तारीख को प्रकाशित होता है- और अन्य शहरों के अलावा दिल्ली में भी प्रसारित होता है। कृपया प्ले स्टोर पर उपलब्ध हमारे हरीसन सुविधा ऐप पर जाएं। बड़ी संख्या में कारपेंटरों ने हमारी हरीसन सुविधा योजना का लाभ उठाया है और **मोटर-साइकिल, टीवी/ फ्रिज/ वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी, स्मार्ट फोन सहित विभिन्न पुरस्कार जीते हैं, इसके अलावा 50,000 तक के नकद पुरस्कार भी जीते हैं।** हम अपने विभिन्न केंद्रों पर कौशल-विकास प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं, जिसमें **5-सितारा होटल, प्रदर्शनी हॉल,** वितरक के शो रूम और थोक विक्रेताओं/ डीलरों के स्थान शामिल हैं। कारपेंटर बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं और अत्यधिक पैमाने पर कौशल हासिल कर रहे हैं जिसके बारे में सोचा नहीं गया था। कारपेंटर का काम करने के इच्छुक अकुशल व्यक्ति भी हमारे अपने खर्चे पर कुशल हैं, यदि ऐसे व्यक्ति हमसे जुड़ना चाहते हैं।



उत्तराखंड खटीमा में हुआ कारपेंटर सम्मेलन :-



हरीसन ने 31 दिसंबर 2022 को खटीमा में कारपेंटर सम्मेलन का आयोजन किया। हरीसन ने इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित कारपेंटर को पुरस्कार वितरण कर कारपेंटरों का उत्साह बढाया।



1 अजीज खान - 4k रियलमी एलईडी टीवी - 43 इंच - कीमत 25,000/- 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

2 उस्मान - कीमत 17,500/- का सैमसंग रेफ्रिजरेटर। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

3 रजनीश - व्हर्लपूल वॉशिंग मशीन की कीमत 14500/- से श. 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

4 नईम - 9000/- का सैमसंग स्मार्ट फोन। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

5 सुनील कुमार - 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता। 3100/- का नकद पुरस्कार।



6 इकबाल अंसारी- 2100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

7 प्रदीप 1100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।



कारपेंटर का काम करने के इच्छुक 128 अकुशल कारीगर को बुनियादी गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर अपने खर्चे पर कुशल भी बनाया गया। हरीसन फर्नीचर उद्योग और अन्य सहायक उद्योगों के लिए प्रशिक्षित कारपेंटर की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सामाजिक सेवा कर रहा है- हरीसन सुविधा ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसमें हरीसन में दिन-प्रतिदिन बढ़ई से संबंधित गतिविधियों का हर समय का विवरण है। क्योंकि कारपेंटरों को दिए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दर्ज किए जाते हैं। कारपेंटर सम्मेलन भी नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और आवेदन में दर्ज की जाती हैं। अभी तक लगभग 51,000 कारपेंटर वर्तमान में हरीसन के साथ जुड़कर कुशल हो चुकें हैं।

## कारपेंटरों ने लॉन्च की हरीसन मेन डोर लॉक



अलीगढ। हरीसन लॉक्स के नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की गई।

30 दिसम्बर को अलीगढ स्थित एक होटल में हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में उपस्थित फर्नीचर ठेकेदारों के बीच इस नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग की गई। पहले में भी हरीसन लॉक्स के कई उत्पादों की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की जा चुकी है। हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में शामिल कारपेंटरों में लक्की ड्रा निकाली गई। लक्की ड्रा विजेता जुल्फिकार अहमद को रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया।





रेफ्रिजरेटर विजेता

सेफ्टी डिवीज़न में **देश का भरोसेमंद ब्रांड हरीसन** झल्द ही शुरू करने जा रही है कारपेंटर्स के लिए क्यू आर स्कैनिंग फीचर जिसके तहत अब कारपेंटर्स आसानी से जीत सकते है अनेकों उपहार मात्र क्यू आर स्कैन करके | कारपेंटर्स को हरीसन के प्रोडक्ट के पैकिंग के ऊपर लगे क्यू आर को स्कैन करना है स्कैन करते ही पूंजीकृत कारपेंटर्स के प्रोफाइल आई डी पर पॉइंट अपने आप दर्ज हो जाएगा | यह सुविधा हरीसन ने कारपेंटर्स की सहूलियत के लिए किया है जिससे अब कारपेंटर्स को किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के पैकिंग की कट्टिंग रखने की आवश्यकता नहीं होगी | अब कारपेंटर्स मात्र क्यू आर स्कैन करके ही जीत सकते है अनेको उपहार|





## हरीसन न्यू लॉन्च प्रोडक्ट



















हरीसन लांच कर रही है

नए प्रोडक्ट्स लगातार बार बार नए नए सुधार के साथ

ADVT









OZONE FOR A SAFER WORLD | किचन और फर्निचर फिटिंग्स

## अब किचन में जितनी भी उठापटक हो ओज़ोन किचन फिटिंग्स सब संभाल लेंगे

भारतीय किचन सामान से ओवर–लोडेड होते हैं। चाहे कितनी भी बड़ी किचन हो, छोटी पड़ ही जाती है। रेगुलर यूज़ क्रॉकरी, गेस्ट क्रॉकरी, पार्टी कुकिंग सेट जैसे आइटम्स अक्सर हर किचन में ज़रूरत से ज़्यादा देखने को मिलते हैं। वुडन कैबिनेट, पुल–आउट बास्केट और ट्रे के इस्तेमाल का तरीका भी देखने वाला होता है!



हमारा किचन हर दिन अलग तरह की उठापटक सहता है। इसीलिए ज़रूरी है ऐसे किचन फिटिंग्स की, जो हमारे डेली यूज़ के तरीकों को ध्यान में रखकर बनाई गई हो। इंडियन स्टाइल में टेस्टेड हो। टेक्नोलॉजी के मामले में वर्ल्डक्लास हो। साथ ही दिखने में स्टाइलिश और सुन्दर हो। ओज़ोन किचन फिटिंग्स इन सब फेक्टर्स को ध्यान में रख कर इनोवेट की गई है।

### ओज़ोन हार्डवेयर क्यों फेमस है?

ओज़ोन भारत में हार्डवेयर फिटिंग एण्ड सॉल्यूशन का नामी मैन्युफैक्चरर है। ओज़ोन के प्रत्येक प्रोडक्ट्स हाई–क्वालिटी और इनोवेशन के मानकों पर खरा उतरते हैं। साथ ही कस्टमर्स की जरूरतों के हिसाब से नेक्स्ट–जेन डिजाइन भी उपलब्ध करवाते हैं।

चाहे फर्नीचर, डिजिटल लॉक्स, ग्लास फिटिंग्स, दरवाज़े और रेलिंग्स की बात हो या किचन फिटिंग्स रेंज की, ओज़ोन के हर प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं।

### एक्सपर्ट्स किस किचन फिटिंग्स की सलाह देते हैं?

मॉड्यूलर किचन में प्रि–मेड या रेडीमेड किचन कैबिनेट होते हैं। यानी यह किचन अनेक यूनिट्स से मिलकर बना हुआ होता है। अगर ये कैबिनेट या यूनिट्स अच्छी क्वालिटी के नहीं होंगे, तो कुछ समय में आपको या तो स्लाइडिंग प्रॉब्लम देखने को मिलेगी या बास्केट्स और कैबिनेट्स लटके हुए नज़र आएंगे। ऐसे में एक्सपर्ट्स ओज़ोन किचन फिटिंग्स की सलाह देते हैं।

इन फिटिंग्स को **50 हजार साइकल्स पर टेस्ट** किया जाता है। साथ ही **15 साल की वारंटी** भी मिलती है। यानी एक बार लगाओ, लॉन्ग टाइम तक टेंशन–फ्री हो जाओ।








**ओज़ोन किचन फिटिंग्स के बेहतरीन फीचर्स:**

- पूरी रेंज स्टेनलेस स्टील से बनी
- ऊपर क्रोम की प्लेटिंग
- 15 साल की वारंटी
- जंग लगने का कोई चांस ही नहीं
- स्लाइड इंस्टालेशन के लिए साइड ब्रैकेट्स उपलब्ध
- सॉफ्ट क्लोज़ फिटिंग्स

ड्यूरेबल और मजबूत फिटिंग्स, स्लीक डिज़ाइन, 40 किलो वजन सहने की क्षमता वाले टेलीस्कोपिक स्लाइड्स, आसान इंस्टालेशन और हिंजेस के थ्री डाइमेंशनल एडजस्टमेंट फीचर बनाता है ओज़ोन किचन फिटिंग्स को ज़्यादा भरोसेमंद, टिकाऊ और सुन्दर।

अब बेफिक्र ओज़ोन किचन फिटिंग्स अपनाइए और किचन में मनचाही उठापटक कीजिए। क्योंकि ओज़ोन किचन फिटिंग्स सब संभाल लेंगे। अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

www.ozone-india.com 09310012300

# माइनस 15 डिग्री में स्विमिंग की रकुल प्रीत सिंह



रकुल प्रीत सिंह ने अपनी एक्टिंग से फैंस को इंप्रेस किया है। वे अपने अब तक के करियर में कई सारे लीड रोल्स प्ले कर चुकी हैं। उनकी खूबसूरती पर फैंस फिदा नजर आते हैं। एक्ट्रेस भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटो से तापमान बढ़ाती नजर आती हैं। एक्ट्रेस ने इस बार तो सारे मापदंडों को मात दे दी है। उन्होंने नया वीडियो शेयर किया है जिसमें वे माइनस 15 डिग्री सेल्सियस में स्विमिंग करती नजर आ रही हैं।

रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे बर्फ के चादर से ढकी वादियों के बीच स्विमिंग करती नजर आ रही हैं। टेम्प्रेचर देखकर ऐसा लग रहा है कि आम आदमी उस जगह पर ज्यादा समय तक खड़ा भी नहीं हो सकता। लेकिन रकुल ने तो कुछ क्रेजी करने की ठान ही ली थी। वे ब्लू कलर की प्रिंटेड बिकिनी में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के चेहरे से साफ नजर आ रहा है कि जो उन्होंने किया है उसके लिए कितनी हिम्मत चाहिए होती है। आमतौर पर दो 10 डिग्री से कम तापमान में कोई नहाने से भी घबराता है, वहीं दूसरी तरफ रकुल प्रीत सिंह उन चुनिंदा लोगों में शामिल हुई उन्होंने माइनस 15 डिग्री तापमान में बेखौफ स्विमिंग करती नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह पिछली बार फिल्म छतरीवाली में नजर आई थीं। अब वे आयलान और इंडियन 2 का हिस्सा हैं।

# निक्की संग नवाजुद्दीन ने लगाए ठुमके

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अगली फिल्म जोगीरा सारारारा जल्द ही रिलीज होगी। इस फिल्म में वे बिग बॉस फेम निक्की तंबोली संग नजर आएंगे। फिल्म को रिलीज होने में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है और दोनों जोर-शोर से अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। नवाज और निक्की ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे अपने गाने कॉकटेल पर डांस करते नजर आ रहे हैं। निक्की इस दौरान रेड कलर के यूनिक आउटफिट में अपनी सेंसेशनल अदाओं से फैंस का मन मोहती नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी अपने अजीब डांसिंग स्टेप्स से अटेंशन सीकर साबित हुए हैं। फिल्म का ये गाना खूब चर्चा में है और अब



दोनों का ये डांस भी वायरल हो रहा है। नवाज इस दौरान व्हाइट कलर की शर्ट, ब्लैक कलर की पैंट और पिंक कोट में हैं। जोगीरा सारारारा 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# काफी ग्लैमरस हैं सोनिया बिलानी



द केरल स्टोरी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। विवादों के बीच द केरल स्टोरी 5 मई को रिलीज हुई है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। फिल्म में लीड रोल में अदा शर्मा दिखी हैं। वहीं उनके साथ इस फिल्म में एक्ट्रेस सोनिया बिलानी भी हैं, जिन्होंने इस फिल्म में आसिफा का किरदार निभाया है। आसिफा इस फिल्म में अदा शर्मा के साथ कॉलेज में पढ़ती हैं। वहीं उनका मकसद दूसरे धर्म की लड़कियों का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्लाम धर्म में लाना और फिर आईएसआईएस में शामिल कराना होता है। फिल्म में आसिफा को सिंपल लुक और हमेशा हिजाब में दिखाया गया है। हालांकि असल जिंदगी में वो परदे से बिल्कुल अलग हैं। सोनिया बिलानी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी से की थी। अब तक वो तू मेरा हीरो, बड़े अच्छे लगते हैं जैसे टीवी सीरियल में दिख चुकी हैं। उन्हें असली पहचान डिटेक्टिव दीदी शो से मिली थी, इस शो से वो कॉफी पॉपुलर हुई थी। टीवी से अपने एक्टिंग सफर का आगाज करने के बाद उन्होंने वर्ष 2016 में फिल्म तुम बिन से अपना बॉलीवुड सफर शुरू किया। वर्ष 2018 में वो फिल्म बाजार में भी नजर आई थीं। वहीं अब वो द केरल स्टोरी में एक अहम किरदार में नजर आई हैं। सोनिया रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं।

# करीना के बर्ताव से नाखुश हैं फिल्ममेकर



करीना कपूर खान की फैन फॉलोइंग कितनी ज्यादा है इस बात का अंदाजा हर कोई लगा सकता है। करीना बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं, लेकिन कई बार करीना के बर्ताव को लेकर तरह-तरह की खबरें सामने आती रहती है। इसी बीच मराठी फिल्मों के डायरेक्टर महेश तिलकर ने करीना को लेकर फैंस और उनके को-स्टार को इग्नोर करने की बात कही है। तिलकर ने एक पुराना किस्सा शेयर करते हुए करीना से जुड़ी इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले वह अपनी टीम के साथ सफर कर रहे थे। जहां उन्होंने करीना को एयरपोर्ट पर देखा था। करीना के साथ-साथ मराठी फिल्ममेकर ने राधिका आप्टे का नाम भी मेंशन किया और कहा कि उन्हें भी ऑटोग्राफ देना पसंद नहीं है। सितारे फैंस के साथ सिर्फ अपनी फिल्म प्रमोशन तक के लिए ही जुड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके महेश तिलकर ने लिखा कि आठ साल पहले जब वह विदेश से लौट रहे थे तो एयरपोर्ट पर एक मराठी इवेंट की एक्ट्रेस ने करीना को बधाई देनी चाही। जिसके लिए वह उनके पास पहुंची, लेकिन करीना ने उन्हें इग्नोर कर दिया। करीना का ये बर्ताव देख वह काफी निराश हुई। डायरेक्टर ने बताया कि वह मराठी एक्ट्रेस करीना के साथ पहले काम भी कर चुकी है लेकिन करीना ने उनसे बात तक नहीं की।

# खतरों से खेलेंगी सात हसीनाएं


**रोहित शेट्टी के पॉपुलर शो खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन की लिस्ट फाइनल हो गई है। इस पॉपुलर शो में एडवेंचर के साथ फैशन का तड़का लगने जा रहा है। इस बार टीवी इंडस्ट्री की 7 ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने फैशन सेंस फ्लॉन्ट करने के साथ स्टंट्स भी करती नजर आएंगी। इस लिस्ट में कुछ ऐसी अभिनेत्रियां भी हैं जो सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जादू से फैंस को इंप्रेस कर जाती हैं।**



**अर्चना गौतम–**
बिग बॉस में अपने शानदार खेल से अर्चना गौतम ने सभी फैंस का दिल जीत लिया था। उन्हें देश भर के लोगों का सपोर्ट मिला और उनका सफर भी सलमान खान के शो में लंबा रहा। अर्चना अब इस शो का हिस्सा बनेंगी। अर्चना का बोल्ड अवतार फैंस के सामने आता रहता है।



**रूही चतुर्वेदी–**
इंस्टाग्राम पर रूही चतुर्वेदी के 1 मिलियन फॉलोअर्स हैं और फैंस उनके संग सोशल मीडिया पर जुड़ना पसंद करते हैं। उनका फैशन सेंस लोगों को पसंद आता है। अलग-अलग आउटफिट में फोटो शेयर कर वे फैंस का दिल जीतती रहती हैं। वे कुंडली भाग्य सीरियल का हिस्सा रही हैं।



**सौंदस मौफकीर–**
सौंदस मौफकीर ने तो बोल्डनेस की सारे हदें पार कर दी हैं। एक्ट्रेस अपने शानदार आउटफिट्स और फैशन सेंस से फैंस को चकित कर जाती हैं। अभी उनकी फॉलोइंग सोशल मीडिया पर ज्यादा नहीं है लेकिन उनकी फिटनेस ये बता रही है कि वे शो में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस कर सकती हैं।



**अंजली आनंद–**
अंजलि आनंद का अपना अलग ही एक अंदाज है। एक्ट्रेस अपने बढ़ते वजन से जरा भी इत्तेफाक नहीं रखतीं और कॉन्फिडेंस के साथ अपनी ब्यूटी फ्लॉन्ट करती नजर आती हैं। वे कुल्फी कुमार बाजेवाला और ढाई किलो प्रेम जैसे सीरियल्स का भी हिस्सा रही हैं। इसके अलावा वे अक्षय कुमार की बेल बॉटम में भी नजर आ चुकी हैं।

**रश्मीत कौर–** रश्मीत कौर म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। पंजाब में उनकी फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। रश्मीत कौर यूं तो लोगों को अपनी एनर्जेटिक वॉइस से इंप्रेस कर जाती हैं अब वह इस शो में एडवेंचरस स्टंट्स करती नजर आएंगी।





**डैजी शाह–** सलमान खान की फिल्म जय हो में नजर आने वाली डैजी शाह इस टीवी शो में शामिल होने वाली आखिरी फाइनल कंटेस्टेंट हैं। डैजी के शो में आने से फैशन का डबल तड़का लग गया है और अब वे फैंस को अपने स्टंट्स से एंटरटेन करती नजर आएंगी।



**अंजुम फेख –** अंजुम फेख का जीवंत अंदाज फैंस को पॉजिटिविटी देता है। इसी के साथ ये टीवी एक्ट्रेस फैंस को भी काफी पसंद आती हैं। उन्होंने कुंडली भाग्य, बड़े अच्छे लगते हैं, तेरे शहर में और भाग्य लक्ष्मी जैसे सीरियल्स में काम किया है।


OZONE®
FOR A SAFER WORLD
किचन और फर्निचर फिटिंग्स
ओज़ोन किचन फिटिंग्स
का भरोसा
साथ रहे हमेशा
हम सब
संभाल लेंगे
रोलर शटर
एर्गोटेक स्लिम ड्रावर सिस्टम
मैजिक कॉर्नर यूनिट
सॉफ्ट क्लोज हिंजस
15 साल तक की वारंटी*
50,000* साइकल्स टेस्टेड
पूर्ण ओज़ोन प्रोडक्ट्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
*नियम व शर्तें लागू
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 09310012300